तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025



12 नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष चुने गए भाजपा के कमलेश...





11 अंचल में ईंट भट्ठों का अवैध कारोबार जोरों पर






## खबर संक्षेप

### 84 लाख रूपए की ठगी के मामले में दो पकड़ाए





**दल्लीराजहरा।** लगभग 84 लाख रूपए की ठगी के मामले में दल्ली राजहरा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रंजीत सिंह पन्नू की शिकायत पर लेट्स ट्रेवल्स फ्री के नाम पर एजेंसी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी के आरोप में नागेश कुमार धारा और उसकी सहयोगी आरती को मध्यप्रदेश के बालाघाट के बैहर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से लैपटॉप, दो मोबाइल और बैंक खाते में जमा 1 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध है। संयुक्त पुलिस टीम ने 8 मार्च को पुलिस रिमांड पर लिया और 10 मार्च को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बालोद भेज दिया।

### भाजपा ने सुनीता को किया निष्कासित

**गुरूर।** जनपद पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने के कारण गुरर जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू को 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि सुनीता साहू ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दौरान गुरूर जनपद पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े हैं। यह अनुशासन भंग करने का मामला है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने के आरोप में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।

### करहीभदर में जिला स्तरीय पशु मेला व प्रदर्शनी कल

**बालोद।** पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम करहीभदर में 12 मार्च को जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव प्रदर्शनी एवं गौ पूजन का आयोजन किया गया है। मेला में प्रातः 8 बजे पंजीयन प्रारंभ होगा। समापन 12 बजे होगा। मेला में विभिन्न प्रकार के पशु, पक्षी, दुधारू गाय, भैंस, बछड़ा, बछिया, बकरी, बकरा, मुर्गा का प्रदर्शन किया जाएगा। चयन समिति द्वारा उत्कृष्ट पशु, पक्षियों को सम्मानित किया जाएगा। मेला में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर होंगी, अध्यक्षता जनपद पंचायत बालोद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा होंगे। विशिष्ट ▶▶ शेष पेज 10 पर

### अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी शिवप्रसाद वोट से पराजित

# भाजपा के मुकेश बने जनपद पंचायत डोंडी के अध्यक्ष, निर्दलीय भोलाराम उपाध्यक्ष चुने गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

जनपद पंचायत डोंडी में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के चुनाव के लिए 7 मार्च को निरस्त हुए निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस व भाजपा पार्टी के

- उपाध्यक्ष चुनाव में निर्दलीय भोलाराम ने कांग्रेस उम्मीदवार पुनीतराम को एक वोट से हराया



आरोप-प्रत्यारोप के बाद 10 मार्च को चुनाव कराया गया। जनपद पंचायत डोंडी के भवन में हुई निर्वाचन प्रक्रिया में भारतीय जनता पार्टी के मुकेश कोडो ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पार्टी के शिव प्रसाद बारला को एक मत से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार भोलाराम नेताम कांग्रेस के उम्मीदवार पुनीत राम सैन को एक मत से पराजित कर उपाध्यक्ष चुन लिए गए।

जनपद पंचायत डोंडी में भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी सहित निर्दलीय जनपद सदस्य निर्धारित समयावधि के पहले ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए जनपद पंचायत भवन के अंदर चले गए थे। जनपद पंचायत परिसर द्वार पर नगर पुलिस अधीक्षक डॉ चित्रा वर्मा के नेतृत्व में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा कारणों से निर्वाचित जनपद सदस्यों के अलावा अन्य का प्रवेश वर्जित कर दिया था।

पीठासीन अधिकारी आरके सोनकर ने अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कराई। मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत डोंडी के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से मुकेश कोडो व कांग्रेस पार्टी की ओर से शिवप्रसाद बारला ने नामांकन दाखिल किया। उसके बाद मतदान कराया गया। मतगणना में भाजपा के मुकेश कोडो को 8 व कांग्रेस के शिवप्रसाद बारला को 7 मत मिले। इस तरह भाजपा उम्मीदवार मुकेश कोडो 1 वोट से विजयी हुए और ▶▶ शेष पेज 10 पर

### भाजपाइयों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की जीत पर मनाया जश्न

जनपद पंचायत भवन के अंदर से मुकेश कोड़ो के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की पहली खबर मिलते ही भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और जनपद परिसर के बाहर भाजपा चुनाव प्रभारी कृष्णकांत पंवार, दिनेश अग्रवाल, मनीष झा, मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई देते रहे। वहीं, पूरा परिसर आतिशबाजी के साथ भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंजता रहा। उसके बाद उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय भोलाराम नेताम के विजयी होने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों एवं भाजपा खेमे में भोला राम नेताम जिंदाबाद के नारे लगने लगे।

### कांग्रेसी खेमे में मायूसी

उधर, कांग्रेस समर्थकों में दोनों पदों के चले जाने से मायूसी छा गई और वे अपने जनपद सदस्यों के साथ चले गए। गौरतलब है कि कांग्रेस का अभेद्य गढ़ कहे जाने वाले आदिवासी विकासखंड डोंडी में जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा व निर्दलीय काबिज हो गए। वहीं, नगर पंचायत डोंडी में कांग्रेस पार्टी का एक मात्र पार्षद निर्वाचित होकर आया। जिला पंचायत सदस्य के दोनों पदों पर निर्दलीय प्रत्याशी जीत कर आए हैं, जिसको देखकर लगता है कि कांग्रेस के वरिष्ठजनों सहित कांग्रेस पार्टी के लगातार तीसरी मर्तबा निर्वाचित विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री को त्रिस्तरीय पंचायत ब नगर पंचायत चुनाव में मिली करारी हार से कांग्रेस का अभेद्य किला ढहते जा रहा है।

### भाजपा के हौसले बुलंद

भाजपा संगठन में त्रिस्तरीय पंचायत व नगर पंचायत में मिली ऐतिहासिक जीत से कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, यशवंत जैन, भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी कृष्णकांत पंवार, रूपेश नायक मंडल अध्यक्ष डोंडी, योगेंद्र सिन्हा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, दिनेश अग्रवाल, मनीष झा, विशाल जैन, रूपेश जैन, पिंटू नाहर, सोमेश साहू, हिंछाराम साहू, संजय बैस, मनीष जेठवानी, भगवान दास साहू, नीलेश जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। कांग्रेस पार्टी के कोमेश कोर्राम, पियूष सोनी, रविकांत, अत्तू कुरेशी, कैलाश राजपूत, अनिल सुथार, रेवाराम रावते, लोमष ध्रुव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रधान आरक्षक भगवान सिंग की सरकारी आवास में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कोतवाली थाना बालोद में प्रधान आरक्षक के पद में पदस्थ भगवान सिंग ध्रुव का रविवार और सोमवार की दरमियानी रात निधन हो गया है। उनका शव बिस्तर पर मिला है। प्रधान आरक्षक श्री ध्रुव ने मृत्यु से एक दिन पहले ही बालोद जिला अस्पताल में एक जरूरतमंद व्यक्ति को रक्तदान किया था।



- कोतवाली थाना बालोद में पदस्थ भगवान सिंह ने एक दिन पहले ही किया था रक्तदान

कोतवाली थाना प्रभारी रविशंकर पांडे से मिली जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक भगवान सिंह अपनी ड्यूटी पूरी कर कोतवाली थाना से रविवार की रात लगभग 9 बजे बालोद के ही शासकीय क्वाटर गए। जहां खाना खाने के बाद सो गए थे। सोमवार की सुबह ड्यूटी पर नहीं आने और न ही फोन कॉल का जवाब नहीं देने पर थाना की टीम उनके शासकीय क्वाटर पहुंची। वहां प्रधान आरक्षक के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसके बाद थाने की टीम ने दरवाजा को ▶▶ शेष पेज 10 पर

### अंतिम संस्कार में टीआई व स्टॉफ शामिल

वहीं, प्रधान आरक्षक की अचानक मौत हो जाने पर बालोद थाना के टीआई व स्टॉफ प्रधान आरक्षक के मिट्टी कार्यक्रम में सम्मिलित होने उनके गृहग्राम गुरूर विकासखण्ड के चिटौद पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधान आरक्षक के शव को कांधा दिया और श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, इस दौरान पूरे दिन बालोद थाना में शोक का महौल देखने को मिला।


हरिभूमि

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


# सिटी लीग खेलो इंडिया ट्रायल में जिले की डिंपल ने रजत व हंसनी ने कांस्य जीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ताइक्वांडो सिटी लीग खेलो इंडिया ट्रायल में बालोद जिले की बेटियों ने अपना हुनर दिखाया। रायपुर में 09 मार्च को आयोजित ताइक्वांडो सिटी लीग में बालोद जिला के दो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में डिंपल मानिकपुरी रजत पदक व हंसनी यादव ने कांस्य पदक जीता।

- रविवार को राजधानी रायपुर में हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता

जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव त्रैमेश्वर साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूरे प्रदेश में विभिन्न खेल के सरकार से मान्यता प्राप्त संघों द्वारा खेलो इंडिया ट्रायल सलेक्शन भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन के लिए किया जा रहा है। अभी महिलाओं को खेल में रुचि बढ़ाने तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ के संरक्षक एक्स आर्मी किशोर नाथ योगी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नंद किशोर साहू, शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक अजय यादव ने खिलाड़ियो को इस विजय पर हर्ष व्यक्त किया।

### ग्राम खेरथा में बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**बालोद।** सनौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेरथा में 66 वर्षीय एक ग्रामीण ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार की देर शाम की बताई जा रही है, लेकिन रात्रि होने की वजह से शव का पीएम नहीं हो पाया था, जिसे सोमवार की सुबह पंचनामा पश्चात गुरुर स्थित मर्च्युरी में पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंपा गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना ग्राम पंचायत कोसागोंदी के आश्रित ग्राम खेरथा की है, जहां 66 वर्षीय बंसीलाल राजपुरिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी पत्नी अंकलहीन बाई कमरे में पहुंची तब इस तरह घटना की बारे में जानकारी हुई। बताया जा रहा है कि घटना के समय उनके बेटा बहू काम की वजह से घर से बाहर थे। परिजनों के मुताबिक बंसीलाल का लंबे समय से स्वास्थ्य खराब होने के कारण लगातार वह इलाज करा रहा था, जिसके कारण काफी परेशान भी थे। ऐसे में परिजनों ने स्वास्थ्यगत कारणो से इस तरह घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। सनौद थाना प्रभारी के मुताबिक घटना का कारण अज्ञात है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।







### जिले के कई स्थानों पर लोगों ने सार्वजनिक रूप से बड़े पर्दे पर देखा फाइनल मैच

# भारत बना आईसीसी चैंपियन, जिले में भी छलका उत्साह, देर रात तक जश्न में डूबे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्राफी का फाइनल मैच भारत व न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। मैच देखने बालोद शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग सुबह से ही मैच शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। बालोद नगर के गंजपारा में बड़े प्रोजेक्टर पर लोगों ने फाइनल मैच का आनंद उठाया।

इसी तरह जिले के कई जगहों पर सार्वजनिक रूप से बड़े परदे पर मैच देखने की व्यवस्था की गई थी। इन स्थानों पर लोग एकत्र होकर मैच देखते रहे। वहीं, कई लोग टीवी के सामने डटे रहे और रोमांचक मैच का आनंद उठाया। इधर जैसे ही भारत ने मैच जीता, वैसे ही बालोद जिले के सभी इलाकों में उत्सव का दौर शुरू हो गया। देर रात तक लोग उत्सव मनाते दिखे मिठाईयां बांटी और आतिशबाजी भी की।



**सड़क पर उत्सव का माहौल**

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का उत्सव आधी रात को घरों से लेकर सड़क तक दिखाई दिया। जिले के शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी रात को पटाखों की गूंज सुनाई देती रही। हर कोई जीत के उत्सव में डूबा नजर आया। चारों तरफ जीत के नारे गूंजते रहे। हर कोई इस यादगार पल को कैमरे में कैद कर लेने को बेचैन रहा।

### चौके-छक्के पड़ने पर बजती रहीं तालियां

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक जगहों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। भारत की शानदार बैटिंग पर दर्शकों ने जमकर उत्सव मनाया और चौके–छक्के को लोगों ने सेलिब्रेट करते हुए तालियां बजाकर चिल्लाते दिखे। रात 8 बजे से मैच के खत्म होने तक बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी परदे व टीवी स्क्रीन के सामने डटे रहे। जीत के बाद सड़क से लेकर दुकानों के बाहर लोगों ने उत्सव मनाया।

# व्यापम ने पूछा-खाद्य पदार्थों में बेन्जोएट्स का प्रयोग क्यों, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष सर्वाधिक

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापम द्वारा आयोजित की गई यह इस वर्ष की पहली परीक्षा है। इसके लिए व्यापम को 67 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी संभागीय मुख्यालयों में व्यापम ने इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए थे। इनमें से 42 केंद्र राजधानी रायपुर में बनाए गए। विज्ञापन जारी होने के 17 माह बाद व्यापम द्वारा इसकी परीक्षा आयोजित की गई। वर्ष 2023 अक्टूबर में इसके लिए आवेदन निकाले गए थे। गौरतलब है कि इस वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए अधिसूचना व्यापम ने पूर्व में ही वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से जारी कर दी थी। इसके बाद 23 मार्च को व्यापम द्वारा मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा होगी। इसके बाद अप्रैल माह में व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला प्रारंभ होगा।

- रायपुर के 42 परीक्षा केंद्रों में हुई कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा
- 67 हजार उम्मीदवारों ने दिलाई थी परीक्षा, अक्टूबर 2023 में निकला था विज्ञापन

### उपस्थिति के आंकड़े नहीं

परीक्षा के दिन व्यापम की वेबसाइट पूरे दिन ठप रही। इसके कारण परीक्षा संबंधित किसी भी तरह की सूचना परीक्षार्थियों को प्राप्त नहीं हो सकी। इसके अलावा व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के उपस्थिति के आंकड़े भी साझा नहीं किए गए हैं। पूर्व में व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों की संख्या साझा की जाती थी। केंद्रों से अंतिम सूचना आने के बाद संख्या में कुछ परीक्षार्थियों की घट-बढ़ के चलते उत्पन्न हुए विवाद के बाद व्यापम द्वारा संख्या के स्थान पर परीक्षार्थियों का प्रतिशत साझा किया जाता रहा, लेकिन अब व्यापम द्वारा उपस्थित परीक्षार्थियों के प्रतिशत साझा करने में आनाकानी की जा रही है।




### पूछे गए 100 सवाल

व्यापम की परीक्षा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई। परीक्षार्थियों को एक घंटे पूर्व केंद्र पहुंचने निर्देश दिए गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। 100 सवाल कैंडिडेट्स से पूछे गए। पद की प्रवृत्ति के आधार पर सभी सवाल विज्ञान आधारित रहे। इसमें खाद्य पदार्थों में बेंजोएट्स का प्रयोग क्यों होता है, पाई-बंध क्या है, विभिन्न गैस में अणुओं की संख्या, किस यौगिक से खाद्य तेलों का निर्माण होता है, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष खाद्य पदार्थ में सर्वाधिक होते हैं, हेरोइन किसका व्युत्पन्न है, मोनोमेट्रिक विधि का प्रयोग किसके मापन में होता है सहित आणविक द्रव्यमान व इलेक्ट्रॉनिक विन्यास जैसे सवाल पूछे गए।

## खबर संक्षेप



### पाइपलाइन बिछाने सड़क पर गड्ढा खोदा बढ़ी परेशानी

**रायपुर।** नगर निगम बिरगांव में अमृत मिशन योजना के तहत लोगों के घर पीने का साफ पानी पहुंचाने सड़क खुदाई की गई, पर पाइपलाइन बिछाने के बाद रेस्टोरेशन सही नहीं होने से लोग परेशान हैं। गड्ढों को सही ढंग से नहीं भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। बिरगांव नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन ने महापौर और निगम के अधिकारियों पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन, समाजसेवी सरला-कमल देवांगन ने बताया कि 5 साल से बिरगांव में कछुए की चाल से नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिन स्थानों पर नगर निगम द्वारा पाइपलाइन से कनेक्शन दिया गया, वहां पर नल कनेक्शन में टोटियां नहीं लगाई हैं, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है।

### सिंधु संस्कार का होली मिलन, महिलाओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति ने महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन नचरानी फार्महाउस पर किया। इस दौरान सभी महिलाओं को समिति के सदस्यों ने टीका लगाकर, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा और भावना चंदानी बताया कि मुख्य अतिथि बिलासपुर महापौर पूजा विधानी रहीं, वहीं महिला सिंधी पार्षद कंचन वाधवानी बिलासपुर, तारा रामानी बिल्हा, पलक सुखवानी तिल्दा, समाजसेवी एवं महिला थाने की काउंसलर सावित्री जगत ने अध्यक्षता की।मंजू सुंदरानी, रिचा ठाकुर, राशि बलवानी, संगीता शर्मा, एडवोकेट आशा दुबे, पुष्पा वल्र्याणी, किरण ठाकुर, जूही दरयानी, दीपिका जेठानी, सीमा नचरानी, पुरुष वर्ग में विशेष अतिथियों में पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लद्दाराम नेनवानी, देवानंद शर्मा, विजय मथानी, विजय इसरानी ने अतिथियों का स्वागत किया।

### विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन स्थगित

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। संघ के प्रांतीय महासचिव जीके मंडावी ने बताया कि 20 मार्च को चेयरमैन पॉवर कंपनी ने द्विपक्षीय वार्ता करने पर सहमति व अन्य मांगों को प्रबंधन द्वारा तत्काल निराकृत करने का आश्वासन दिया है। साथ ही गर्मी के समय में आम नागरिकों को विद्युत सेवा बाधित होने से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए जारी क्रमबद्ध आंदोलन को एक निश्चित समय के लिए स्थगित किया गया है। इसके बाद भी कंपनी प्रबंधन द्वारा संघ की मांगों को यदि दरकिनार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल, धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

## पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में आ रही दिक्कत

# 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति, पुराना पंप बदलकर लगाएंगे 100 एचपी का मोटरपंप

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत मोतीबाग पानी टंकी क्षेत्र के पुराने मोटरपंप को बदला जाएगा। इसकी जगह 100 एचपी क्षमता के नया मोटरपंप लगाने की तैयारी है। 75 एचपी के पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में दिक्कत आ रही है, इसलिए मोटरपंप बदला जाएगा। मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया से संबंधित वार्डों में अभी केवल वनटाइम एक घंटे अतिरिक्त पानी लोगों को दिया जा रहा है। जबकि गंज पानी टंकी के कमांड क्षेत्र में पाइपलाइन टेस्टिंग के बाद सुबह-शाम एक-एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की व्यवस्था दी जा रही है।

राजधानी के मोतीबाग क्षेत्र स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी से मोतीबाग, बैजनाथपारा, सिविल लाइन, ब्राह्मणपारा, पुरानी बस्ती, सदर बाजार, गोलबाजार, मठपारा तात्यापारा और हांडीपारा इलाके में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के बाद पाइपलाइन टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा संबंधित इलाके में वर्तमान में केवल एक समय एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नया मोटरपंप लगाने के बाद संबंधित इलाके में पानी का प्रेशर बढ़ाने में आसानी होगी।

### नई पाइपलाइन से ट्रायल के बाद वन टाइम वाटर सप्लाई, होली के बाद सुधरेगी स्थिति

#### 11 एमएलडी से बढ़कर 16 एमएलडी होगी जल आपूर्ति

मोतीबाग पानी टंकी वाले इलाके के लिए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से वर्तमान में 11 एमएलडी पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। गर्मी सीजन के बाद 24 घंटे जलप्रदाय योजना पूरी तरह से शुरू होने पर 5 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ेगी, यानी मोतीबाग पानी टंकी को 16 एमएलडी पेयजल मिलने लगेगा।




#### गंज पानी टंकी कमांड एरिया में दोनों समय जल आपूर्ति

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में शुरू किए गए पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत गंज पानी टंकी कमांड एरिया वाले वार्डों में नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के साथ ही सुबह शाम 1-1 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति शुरू की गई है। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी के मौदहापारा, शिवनगर, रामसागरपारा, समता कालोनी क्षेत्र में यह व्यवस्था दी जा रही है।

## तीन दिन बाद होली, सरकारी अस्पतालों में अलर्ट, तैनात किए जाएंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- केजुअल्टी के अलावा, मेडिसिन, आर्थो और न्यूरो विभाग में अघोषित इमरजेंसी

तीन दिन बाद मनाई जाने वाली होली के दौरान किसी भी घटना-दुर्घटना में चोटिल होने वालों के तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था अलर्ट मोड पर रहेगी। होलिका दहन, रंगोत्सव के दिन केजुअल्टी के अलावा मेडिसिन, हड्डीरोग और न्यूरो विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों को तैनात किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल समेत जिला अस्पताल में भी इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

गुरुवार को होलिका दहन किया जाएगा और शुक्रवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली का असर राजधानी में दो दिन बाद नजर आने की संभावना बन रही है। होली के अवकाश के दौरान होने वाली किसी भी तरह की अप्रिय घटनाओं के कारण चोटिल, पीड़ित व्यक्ति को आंबेडकर और जिला अस्पताल में इलाज देने की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए विचार मंथन शुरू हो गया है। होली के दौरान गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश है, इसके बाद शनिवार और रविवार को भी अवकाश का माहौल रहेगा। इस दौरान सरकारी अस्पताल अघोषित रूप से इमरजेंसी मोड में रहेंगे।

### सीएचसी में भी तैनात रहेंगे स्टाफ

बड़े अस्पतालों के साथ सामुदायिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में भी होली में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों को सूची जल्द ही तैयार की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि त्योहार के दौरान प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा किसी तरह की अन्य समस्या लेकर आने वालों को प्राथमिक उपचार के बाद ही बड़े संस्थान में रेफर किया जाएगा।

### त्वचा और नेत्ररोग डॉक्टर भी रहेंगे सक्रिय

होली के दौरान रंग-गुलाल के उपयोग की वजह से कई बार नेत्र और त्वचा से संबंधी परेशानी भी होती है, इसे ध्यान में रखते हुए दोनों विभाग के डॉक्टरों को भी सक्रिय रखा जाएगा। कई बार रंग अथवा गुलाल के उपयोग से आंखों में जलन सहित अन्य समस्या और त्वचा में एलर्जी संबंधी शिकायत लेकर भी लोग अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में मरीजों को आवश्यक उपचार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

## होली में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता, पुलिस की सवा सौ से ज्यादा टीमें करेंगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

होली पर्व के आते ही पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। साथ ही बीएसयूपी कॉलोनियों में दबिश देकर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। इसी कड़ी में रविवार तड़के टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में दबिश देकर 20 संदिग्ध, तीन आदतन बदमाशों सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापे की कार्रवाई करने सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तथा अफसर आरडीए कॉलोनी पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई तड़के 5 बजे शुरू की गई।

एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से बोरियाखुर्द में बाहरी संदिग्ध लोगों के आने की सूचना मिल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने आरडीए कॉलोनी में दबिश दी गई। पुलिस ने कॉलोनी में रह रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने के निर्देश दिए। साथ ही जो संदिग्ध मिले हैं, उनके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी जुटाने पुलिस ने एसएस रोल बनाकर संबंधित राज्यों के पुलिस की पास भेजे हैं।

### विवाद पर तुरंत थाने में दें सूचना

शुक्रवार को होली खेली जाएगी, उस दिन पवित्र रमजान महीने की जुमे की नमाज पढ़ी जाएगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही नमाज पढ़ने के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी अलग से गश्त करने निकलेगी। लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने पुलिस ने अपील करने के साथ ही क्षेत्र में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जानकारी लोगों को अपने नजदीकी थाने में देने कहा है।

### होली के दिन क्रिकेट मैच बड़ी चुनौती

होली के दिन रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होना है। ऐसे में पुलिस को क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती होगा। क्रिकेट मैच के लिए लाइन के अलावा पड़ोसी जिलों से बल की व्यवस्था करने की बात पुलिस अफसर कह रहे हैं।



### होली में हर थानों में चार-चार पेट्रोलिंग

होली की हुड़दंग रोकने जिले के सभी 33 थानों में चार-चार की संख्या में पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें गश्त करेंगी। इसके अलावा डिवीजन स्तर पर राजपत्रित पुलिस अफसरों की अलग से पेट्रोलिंग टीम निकलेगी। इस तरह से जिले में पुलिस की सवा सौ से ज्यादा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी दौड़ेंगी।

### ड्रंक एंड ड्राइव पर सख्ती बरतने के निर्देश

नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ एसएसपी ने पुलिस को होली के दो दिन पूर्व से कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन जब्त कर थाने में खड़े करने के साथ ही होली के बाद कोर्ट में चालान पेश करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को हिरासत में लेने के एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

## पीएम मोदी की सभा 30 को बिल्हा के मोहभट्ठा में, तैयारी में जुटे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर के बिल्हा क्षेत्र में स्थिति मोहभट्ठा में एक विशाल आमसभा को संबोधित करने वाले हैं। कार्यक्रम के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। खास बात ये है कि तैयारियों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी जुटे हैं।



कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को बिलासपुर में कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा होगी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर भी इस दौरान मौजूद थे।

### पीएम का आना सौभाग्य की बात

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मैदान के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए चिन्हांकित स्थलों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारों करोड़ की सौगात लेकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आसपास रहने वाले लोगों को भी किसी तरह की परेशानी न हो।

### होगी तगड़ी व्यवस्था

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री साहू और उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मैदान के हर कोने का भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। डीएफओ सत्यदेव शर्मा, बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमित कुमार तथा जिला पंचायत के सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित आमसभा की तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे।

**सीएम ने किया महतारी वंदन कॉमिक्स का विमोचनः रायपुर।** महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित महतारी वंदन योजना पर सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह में 'महतारी वंदन कॉमिक्स' का विमोचन किया।

## प्रेस क्लब में महिला पत्रकार कक्ष निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में विधायक निधि से महिला पत्रकार कक्ष निर्माण के लिए रविवार को भूमिपूजन किया गया। प्रेस क्लब में पहली बार महिला पत्रकार साथियों के लिए अलग से कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें सुव्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त कक्ष मिल जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। इस अवसर पर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर समेत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला पत्रकार साथी मौजूद रहीं।

## 24 को आएंगे नड्डा, उसके बाद ही बनेगी किरण की नई टीम

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त होने के पहले उनका इस माह रायपुर आगमन होने वाला है। उनके 24 मार्च को आने की संभावना है। उनके अध्यक्ष के रूप में इस अंतिम दौरे के बाद ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी। संभावना जताई जा रही है कि किरण देव की नई टीम में कई बदलाव होंगे। जहां कार्यकारिणी में कुछ पदाधिकारी बदलेंगे, वही मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे नजर आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है।

### अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 37 सौ मेगावाट बिजली

# मार्च में पहली बार बिजली की खपत 6200 मेगावाट से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। बीते माह फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट तक गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। इस बार गर्मी में खपत के 65 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने व्यवस्था कर रखी है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेशभर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

### बिजली की कमी नहीं

फरवरी-मार्च में पहली बार इतनी खपत बढ़ी है, लेकिन बिजली की कमी नहीं है। पूर्ति करने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। गर्मी को देखते हुए भी कंपनी पूरी तैयारी में है। कहीं कोई कमी नहीं होगी।

- **एसके कटियार,** एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने लिए सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ रही है। सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर 35 सौ मेगावाट है, इससे ज्यादा बिजली लेने पर पैसे भी ज्यादा देने पड़ते हैं।

### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

## पेज 9 के शेष

### भाजपा के मुकेश बने ...

अध्यक्ष घोषित किए गए। उधर, उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की ओर से पुनीत सैन व निर्दलीय भोला राम नेताम ने ही नामांकन दाखिल किया। मतदान के बाद हुई मतगणना में निर्दलीय भोलाराम नेताम को 8 व कांग्रेस पार्टी के पुनीत राम सैन को 7 मत प्राप्त हुए, जिससे भोलाराम नेताम को एक मत से विजयी घोषित किया गया।

### प्रधान आरक्षक ...

तोड़कर देखा तो प्रधान आरक्षक बिस्तर पर लेटे थे, लेकिन आवाज देने पर किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी। इस पर अनहोनी की आशंका से तत्काल ही जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि आरक्षक की मृत्यु हार्ट अटैक से हुई है। बता दें कि प्रधान आरक्षक श्री ध्रुव अपने शासकीय आवास में अकेले रहते थे, परिवार के लोग आना जाना करते रहते थे। भगवान सिंग ग्राम चिटौद के रहने वाले थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया। मृतक आरक्षक की प्रथम पद्स्थाना सन 1997–98 में हुई थी, जहां उनकी पदोन्नत होकर वे आरक्षक से प्रधान आरक्षक 2009–10 में बन गए थे। वहीं, 2021–22 में बालोद थाना उनकी पद्स्थापना हुई थी जहां से वे लगातार पिछले तीन वर्षों से बालोद थाने में अपनी सेवा दे रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार उनके दो पुत्र हैं, जिसमें एक 20 वर्ष तथा दूसरा 18 वर्ष का हैं।

### करहीभदर में जिला ...

अतिथि जनपद सदस्य लोकेश डड़सेना, सरपंच करहीभदर बसंत तारम, पूर्व सरपंच लीला राम डड़सेना, ग्रामीण समिति अध्यक्ष भोजराम साहू, ग्राम पटेल लिलेश्वर साहू होंगे।

## खबर संक्षेप



### जिले में नई सहकारी समितियों के गठन को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सभी के सहमति से जिले के नए सहकारी समितियों का गठन सुनिश्चित की जाए। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास सहकारी समिति की बैठक में उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में प्रस्तावित नवीन मत्स्य सहकारी समिति, दुग्ध सहकारी समिति, वनोपज सहकारी समिति के अलावा ग्राम पंचायतों में पैक्स समिति एवं बहुआयामी सहकारी समितियों के गठन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में चन्द्रवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से सहकारी समितियों में लेन–देन एवं लोन की व्यवस्था के अलावा सहकारी समितियों की गठन की प्रक्रिया एवं उसके गठन के लिए निर्धारित मापदण्ड आदि के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में उप संचालक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया सहित उप संचालक कृषि एवं पशु चिकित्सा सेवाएं के अलावा जिला खाद्य अधिकारी और अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### बाइक सवार की ठोकर से महिला की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार बाइक ने घर के बाहर खड़ी महिला को ठोकर मार दी। हादसे में महिला की उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम बिरझापुर निवासी श्यामलाल साहू किसान है। 8 मार्च को अपने घर के सामने में खडा था रात को भाभी फगुनी बाई साहू घर से निकलकर बाहर सड़क किनारे अपने नाती यशवंत साहू को घर आने आवाज दे रही थी। इस दौरान बाइक चालक वाहन को तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चालते हुए महिला को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में फगुनी को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बाइक चालक को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम ग्राम रक्शा निवासी बसंत चतुर्वेदी बताया है।

### चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर गिरफ्तार

**भिलाई।** चिटफंड कंपनी के फरार डॉयरेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406, 409, 120बी, 34 चिटफंड अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वर्ष 2010 में शुष्क इंडिया लिमिटेड कंपनी का आफिस स्टेशन रोड दुर्ग में आरके.हाईटस बिल्डिंग में खुला था। कंपनी के सीएमडी कैलाश सिंह लोधी, नरेन्द्र सिंह लोधी, फत्ते सिंह लोधी, ललीत पाल, मोहन कुमार, साकार देवेन्द्र चौहान, अनिल सिंह लोधी थे। कंपनी लोगों ने प्रलोभन दिया कि रकम निवेश करने पर 6 वर्ष में दोगुना और 8 वर्ष मे तीनगुना और 11 वर्ष में चार गुना रकम लाभ होगा।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति–कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 04.03.2025

श्री बुधनारायण साहू आत्मज श्री घनाराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम तितुरगहन थाना सनौद तहसील गुरूर जिला बलोद छ.ग. एवं कुमारी संगीता साहू आत्मजा श्री सजीवन साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम टेकर थाना सीपत तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा–5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


बुधनारायण साहू


संगीता साहू

**विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)**

## तिरंदाजी में योगेश ने सोने पर साधा निशाना, अजेंद्र ने जीता रजत पदक

**राउरकेला में आयोजित 7वें राष्ट्रीय मास्टर्स गेम में अंचल के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



7 वां मास्टर नेशनल गेम ओडिशा के बिरसा मुंडा एथेलेटिक्स स्टेडियम में हुआ। राउरकेला में 6 से 9 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में तीरंदाजी खेल में छत्तीसगढ़ के ओर से बालोद जिला के वनांचल ग्राम निवासी रेंगाडबरी, मंगचुवा के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके तहत रिकर्व राउंड में अजेंद्र टाडेकर ने सिल्वर मेडल एवं इंडियन राउंड में योगेश कोर्राम को स्वर्ण पदक मैडल प्राप्त हुआ है। कोच हिरू साहू के



मार्गदर्शन में तीरंदाजी खेल का अभ्यास करते हुए, अजेंद्र टाडेकर ने 6वें राष्ट्रीय मास्टर्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था, लेकिन इस वर्ष सिल्वर से ही संतोष करना पड़ा। वहीं योगेश कोर्राम वन खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी थे, जिसने सतत प्रयास से स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। इस अवसर पर इनके परिवार जन, मित्र, स्टॉफ, सहयोगी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ में तीरंदाजी खेल को सतत बढाने के प्रयासरत शुभचिंतकों ने इसे गौरव का पल बताया और बालोद के गांव गांव, घर घर से तीरंदाज तैयार कर राज्य व राष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर हमेशा छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने पर शुभकामनाएं दीं।

**जिला शिक्षा अधिकारी के साथ सभी बीईओ को दिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश**

## 5वीं की बोर्ड परीक्षा 17 व 8वीं की 18 से तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शिक्षा एवं संबंधित विभाग की अधिकारियों की बैठक लेकर 17 मार्च से शुरू हो रही कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा बिना किसी अवरोध के निर्विघ्न रूप से एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से चर्चा कर विकासखण्डवार तैयारियों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रत्येक विकासखण्डों में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की कुल संख्या तथा प्रत्येक विकासखण्डों में बनाए गए कुल परीक्षा केन्द्रों की संख्या आदि व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक



जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रश्न पत्रों की छपाई, वितरण व्यवस्था, गोपनीय सामग्रियों के लिए समन्वय केन्द्र तथा प्रश्न पत्रों को संबंधित पुलिस थानों में सुरक्षित रखने हेतु किए गए उपायों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने पुलिस थानों से संबंधित परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्रियों को सुरक्षित लाने ले जाने के लिए रूट चार्ट के निर्धारण आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने सुरक्षित रूट चार्ट का निर्धारण कर निजी शालाओं के वाहनों का भी अधिग्रहण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों के लिए सहमति देने वाले अशासकीय शालाओं के संख्या के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन आदि के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के दौरान नकल रोकने हेतु भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य में लंबे अंतराल के बाद कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसलिए इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों का समुचित प्रशिक्षण एवं परीक्षा के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

### संकुल प्राचार्यों को बनाया गया प्रभारी

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा किए गए तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा जारी किए गए समय सारिणी के अनुसार कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा सोमवार 17 मार्च से एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा मंगलवार 18 मार्च से प्रारंभ होगी। मरकले ने बताया कि कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा का समय सुबह 09 से 11 बजे तक एवं कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा का समय सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए संकुल प्राचार्यों को प्रभारी बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि संकुल प्राचार्यों के देखरेख एवं नियंत्रण में संबंधित संकुल के परीक्षा केन्द्रों में बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन हेतु केन्द्र अध्यक्षों की नियुक्ति करने की भी जानकारी दी।

## अंचल में ईंट भट्ठों का अवैध कारोबार जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

क्षेत्र में इन दिनों ईट भट्टों का अवैध कारोबार जोर–शोर से चल रहा है। ईंट भट्टा संचालकों द्वारा मनमर्जी से जगह–जगह ईट भट्टों का संचालन किया जा रहा है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह अवैध कारोबार दिनों दिन फल फूल रहा है।

- कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद

विभिन्न डोकला सहित ग्रामों में जगह-जगह अवैध रूप से ईट भट्टे संचालित हो रहे हैं। कहीं-कहीं लोग अपने खेत में ईंटों का उपयोग खुद लेने की आड़ में ईंटें बनाकर बेच रहे हैं। लेकिन, क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठों में शासकीय नियमों के पालन की अनदेखी कर बड़ी मात्रा में ईंटों का निर्माण कर बेचने का कार्य जोरों पर है। इससे विभाग को लाखों रुपए की क्षति हो रही है। प्रशासन की कार्रवाई नहीं किए जाने से प्रतिवर्ष ईट भट्ठा संचालकों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई जगहों पर बड़े-बड़े वृक्षों को भी इसकी बलि चढ़ा दी जाती है।



### अवैध ईंट भट्ठों से पर्यावरण को हो रहा नुकसान

अवैध ईंट भट्ठों से न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि लकड़ी, पानी, बिजली का जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है। ईट भट्ठों में अधिकांश जगह कृषि कार्य के लिए लिए गए मोटर पंप का उपयोग किया जा रहा है। इसके कारण लगातार भू-जल स्तर गिरता जा रहा है। तहसील क्षेत्र के अधिकतर गांवों में अवैध ईंट भट्टों का संचालन जोरों पर है, जिन पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होने से अवैध ईंट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

## बालोद में हुई प्रेरणा साहित्य समिति की काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शंकर नगर बालोद में गायत्री पूर्णानंद के आवास पर शिव पार्वती धाम में प्रेरणा साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी एवं फागुन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार अशोक आकाश थे, अध्यक्षता कवि एवं साहित्यकार टिकेश्वर सिन्हा ने की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद अरूण कुमार साहू, अध्यक्ष प्रेरणा साहित्य समिति बालोद जयकांत पटेल,



सरक्षक प्रेरणा साहित्य समिति बालोद पुष्कर राज सिंह उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम मे साहित्व व कविता के क्षेत्र मे सेवा व उनके योगदान के लिए मुख्य अतिथि अशोक आकाश द्वारा गायत्री पूर्णानंद साहू को प्रमाण पत्र प्रदान कर शिवांगी उपनाम से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कवि डॉ अशोक आकाश, अरूण कुमार साहू, टिकेश्वर सिन्हा, पुष्कर राज सिंह, जयकांत पटेल, धर्मेन्द्र श्रवण, पुसन कुमार साहू तथा गायत्री पूर्णानंद साहू ने समसामयिक विषय एवं होली पर आधारित गीत एवं हास्य व्यंग कविता प्रस्तुत किए। कवि डॉ एसएल गंधर्व ने अपने हास्य व्यंग के साथ संचालन किया, आभार प्रदर्शन पूर्णानंद साहू ने किया।

## शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर के कक्षा 5 वीं विद्यार्थियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में सोमवार को कक्षा 5 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस

- विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ रसोइयों को भी स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर माहौल को यादगार बना दिया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने स्कूल के दिनों को जीवंत कर दिया। कुछ छात्रें ने कविता और भाषण के जरिए



अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरा माहौल भावुक हो गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण ने प्रतिभागियों को नगद राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संवाद हुआ, जिससे पूरे कार्यक्रम में भावनात्मक माहौल देखने को मिला। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने उन्हें शिक्षा के साथ–साथ संस्कार भी दिए, जो जीवनभर उनके साथ रहेंगे। इस दौरान कुछ छात्रों की आँखें नम हो गईं, तो वहीं शिक्षकों ने भी अपने विद्यार्थियों को स्नेह और आशीर्वाद दिया।

विदाई समारोह में छात्रों ने मध्यान्ह भोजन की रसोइया को भी सम्मानित किया। बच्चों का कहना था कि वे बीते तीन वर्षों से निरंतर माता–पिता की तरह हमें भोजन कराते आ रहे हैं। सम्मान पाकर रसोइया भावुक हो गईं।



### नगर पंचायत गुण्डरदेही के उपाध्यक्ष चुने गए विजय

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही में सोमवार को उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी विजय सोनकर विजयी हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष विजय सोनकर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी प्रीतम साहू, विधायक राजेंद्र राय, पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, ठाकुर राम चंद्राकार, मंडल अध्यक्ष यूवराज मारकंडे, अश्विनी यादव, पार्षद हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी यादव, हेमंत सोनकर, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, सेवक महिपाल, रोमलाल यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होली पर सजीं रंग-गुलाल की दुकानें

**डौंडीलोहारा।** होली का त्योहार अब कुछ ही दिन शेष है, होलिका दहन 13 मार्च गुरुवार को होगा और 14 मार्च शुक्रवार को होली खेली जाएगी। त्योहार को लेकर रंग, गुलाल व पिचकारी की दुकानें सज गई हैं, लेकिन दुकान में अभी ग्राहकों टोटा बना हुआ है, फिर भी दुकानदारों ने इस बार होली पर अच्छी ग्राहकी का अनुमान लगाया है, शासकीय कर्मचारियों का वेतन मिल चुका है, किसानों को धान की पूरी राशि के अलावा बोनस भी मिल चुकी है। वहीं, महिलाओं को महतारी वंदन की राशि भी प्राप्त हो चुकी है, इस वर्ष मौसम भी अच्छा खासा है।

सबसे खास बात ये है कि इस वर्ष चुनावी मौसम के चलते लोगों में बेहद उत्साह है, होली का त्यौहार अन्य त्योहारों की अपेक्षा ज्यादा तामझाम व तैयारी नहीं करने के कारण त्योहार दो-तीन दिन का ही रहता है। इस बार दुकानों में नये नये वैरायटी की पिचकारी उपलब्ध है। हरीश निषाद ने बताया कि इस बार पुष्पा फेम वाला



कुल्हाड़ी पिचकारी व इलेक्ट्रिक वाटर पिचकारी के साथ कई प्रकार की नई वैरायटी आयी है। पुष्पा पिचकारी 200 से लेकर ढाई सौ तक व इलेक्ट्रिक पिचकारी 1200 से लेकर 18 सौ रुपए तक उपलब्ध है। गुलाल के रेट में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बार सुगंधित हर्बल गुलाल के पैकेट 10 से लेकर 50 रूपए तक उपलब्ध है, जिसकी डिमांड अधिक होने की संभावना है। होली त्योहार में अच्छी ग्राहकी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आस्था मूक बधिर शाला में स्टेशनरी व खाद्य सामग्री का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल, राष्ट्रीय प्रभारी वाईस चेयरमैन पायल पोपटानी के मुख्य आतिथ्य में आस्था मूक बधिर शाला में स्टेशनरी एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय प्रभारी पायल, जिला अध्यक्ष शकून क्षत्रिय (महिला विंग) प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंग के कर कमलों से माँ सरस्वती का अक्षत–कुमकुम, दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि कुलवंत सिंग, मौसमी सिन्हा, सरोज नांगवशी की उपस्थिति में आस्था मूक बधिर शाला में स्टेशनरी एंव खाद्य सामाग्री का वितरण कक्षा 1 से कक्षा 10 के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रभारी पायल, जिला अध्यक्ष (महिला विंग) शकून क्षत्रिय, कुलवंत सिंग, सरोज नांगवशी प्रदेश अध्यक्ष मौसमी सिन्हा (महिला विंग) जागृति, राधा, के अरुणा, सभी के द्वारा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मूक बधिर विद्यार्थियों के मन में अति हर्षोल्लास रहा इनके द्वारा अभिवादन किया गया जिसका ट्रांसलेट शिक्षिका पदमा ने किया। संस्था प्रमुख महेंद्र सुराना ने राष्ट्रीय प्रभारी का अभिवादन किया। विश्व मानवाधिकार परिषद के गोपाल राम गोपीचंद नंदेश्वर, गूंजा धीवर, डॉली, अजय राज, गोपाल साहू, गिरधर की उपस्थिति रही। प्रदेश मीडिया प्रभारी सरोज नांगवंशी द्वारा कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए टीम का धन्यवाद कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

**बैंक उपभोक्ताओं को अधिकारों के संबंध में दी गई जानकारी**

## सुरेगांव में हुई जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेगांव में भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना है।

कार्यक्रम में जिला लीड बैंक से सौरभ जैन एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेगांव प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश कश्यप उपस्थित थे। इस अवसर पर सौरभ जैन ने कहा कि वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जमाकर्ता अपनी जमा पूंजी का बेहतर उपयोग कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ व सुरक्षित कर सकता है। उन्होंने कहा कि




भारतीय रिजर्व बैंक ने उपभोक्ताओं के हितार्थ अनेक योजनाएं बनाई है जिसका आवश्यकतानुसार हितग्राही लाभ उठा सकते हैं। सौरभ जैन ने बताया कि इस कार्यशाला में आकर यह महसूस हो रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ताओं की यह योजना अपना मूर्त रुप ले रही है। उन्होंनें कार्यशाला के प्रति भागियों के प्रश्नों व शंकाओं का समाधान किया। डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता अपनी बचत को सुरक्षित जमा करने के लिये बैंकों को ही प्राथमिकता दें। उन्होंनें कहा कि पिछले कुछ वर्षों में फजएँ माइक्रोफाइनेंस व चिटफण्ड कंपनियाँ काफी तेजी से अपना पांव पसार चुकी है, जिनसे हमें सचेत रहने की जरुरत है। ऐसी किसी भी कंपनियों में निवेश के पहले जमाकर्ताओं को यह ज्ञात कर लेना चाहिए कि वे भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकृत है या नहीं। डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को बैंकों की विविध सुविधाओं का लाभ उठाकर अपनी वित्तीय व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना चाहिए। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा व संतोषी बघेल ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित का प्रबंधन, के.वाय.सी. प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंडकंपनियों, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आदि की जानकारी प्रतिभागियों को दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिकोसा
जनपद पंचायत -गुण्डरदेही, जिला - बालोद (छ. ग.)**

**साप्ताहिक बाजार, हटरी बाजार एवं सायकल स्टैंड की नीलामी सूचना**

दिनांक 18/03/2025 दिन मंगलवार को साप्ताहिक बाजार, हटरी बाजार एवं सायकल स्टैंड की नीलामी (वर्ष 2025 - 26), 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए सुबह 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन में की जावेगी।

नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में देखे जा सकते है।

| सचिव | सरपंच |
|---|---|
| ग्राम पंचायत सिकोसा | ग्राम पंचायत सिकोसा |
| वि.ख.गुण्डरदेही, जि.बालोद (छ.ग.) | वि.ख.गुण्डरदेही, जि.बालोद (छ.ग.) |

## खबर संक्षेप



### ग्राम छेड़िया में सरपंच तेजराम के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

**गुरूर।** ग्राम छेड़िया में सरपंच तेजराम के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा ग्राम के चौक चौराहों की साफ सफाई की। जिसमें ग्राम के सरपंच तेजराम साहू, उपसरपंच वाकेश्वर देवांगन, सर्व पंच डिगेश्वर कुमार साहू, पन्नालाल सर्वा, अजीत सोरी, देवेंद्र कुमार, सुशीला कौशिक, तीजन बाई, उमा बाई, योगेश्वरी, चंद्रिका तारम, मथुरा बाई, प्रतिमा देवांगन, सुलैना बाई, टिकेश्वरी मरकाम व ग्रामीण उपस्थित थे।

### अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे लोग

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सड़क किनारे चल रहे ई रिक्शा सवार बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रीन चौक दुर्ग में ट्रक सीजी 04 जेई 623 में ओवरलोड बोरी में सामान लदा हुआ था। ट्रक नो अंट्री में प्रवेश कर ई रिक्शा के ऊपर गिर गई। उसमें बैठे लोग को आसपास के लोगों ने दौड़कर बचाया। हादसे में ई रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। भारी वाहन चालक नो एंट्री मार्ग में प्रवेश कर रहें है उन्हें रोकने वाली ट्रैफिक पुलिस भी दिकाई नहीं दे रही है। हादसे के कारण सड़क बुरी तरह जाम हो गया था। घंटे भर से अधिक समय तक दोनो ओर से वाहन चालक फंसे रहे। ट्रक को व्यवस्थित करने के बाद ही वाहनों का आवागाम सुचारु हो पाया है।

### दुकान से 39 हजार का सामान और नकदी पार

**भिलाई।** बंद दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305, 331 (4) के तहत अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बिहारी मोहल्ला केम्प 2 निवासी भूपेन्द्र सिंह का सर्कुलर मार्केट केम्प 2 भिलाई में खुशी ट्रेडर्स पान मसाला विक्रय का होलसेल दुकान है। शुक्रवार की रात अज्ञात ने दुकान का शटर तोड़कर सामान पार कर लिया। दुकान के भीतर घुसकर चेक करने पर सारा सामना फैला हुआ था। गल्ले का लाक भी टूटा था सामान चेक करने पर नगदी 7 हजार गायब मिला। दुकान से 32 हजार रुपए का सामान चोरी होना आंका गया है। जबकि भूपेन्द्र सिंह के मुताबिक ट्रेडर्स के दुकान से करीब 2 लाख के ऊपर का सामान चोरी हुआ है।

**सियासत : चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने होली से पहले ही जमकर उड़ाए गुलाल**

# नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष चुने गए भाजपा के कमलेश, कांग्रेस के विनोद को 5 वोट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

नगर पालिका बालोद में उपाध्यक्ष चुनाव जीतने के बाद होली के त्यौहार के पहले ही भाजपा के नेता व कार्यकर्ता जीत के रंगों में रंगकर होली का पूर्वानंद लेते नजर आ रहे हैं। नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष सहित पार्षदों का शपथ शनिवार को संपन्न होने के बाद सोमवार को नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से अधिकृत उपाध्यक्ष प्रत्याशी लगातार पांच बार पार्षद बनने वाले कमलेश सोनी ने 5 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। उसके बाद भाजपा नेता, कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए जमकर जश्नमनाया।

सोमवार की सुबह से ही उपाध्यक्ष को लेकर शहर मे चर्चाओं का बाजार गर्म था तथा पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा होने से पहले ही विभिन्न लोगों के नाम को उपाध्यक्ष चेहरे के रूप में चर्चाओं में रहे। लेकिन सोमवार को दोनों ही पार्टियों ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पार्टी की तरफ से अधिकृत प्रत्याशियों के साथ नेताओं ने क्रॉस वोटिंग रोकने और अपने-अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए तैयारी करते दिखे। उसके बाद नामांकन और अन्य प्रक्रिया संपन्न होते ही नगर पालिका में चुनकर आए 12 भाजपा पार्षदों व 8 कांग्रेस पार्षदों ने मतदान किया।

मतगणना में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी कमलेश सोनी को 13 और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विनोद बंटी शर्मा को 8 मत मिले। इस प्रकार भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी कमलेश सोनी ने कांग्रेस प्रत्याशी विनोद बंटी शर्मा को 5 वोट से हरा कर उपाध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया।





### जीत के बाद निकाली रैली जो मिला उसे लगाया गुलाल

उपाध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद भाजपा द्वारा होली के पहले ही दो बार होली खेलने का मौका पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को मिल चुका है। जहां शनिवार को अध्यक्ष का शपथ ग्रहण व सोमवार को उपाध्यक्ष का चुनाव जीतने पर होली के जश्न की तरह अबीर गुलाल और रंगों के साथ डीजे की धुन पर नगर भ्रमण करते रास्ते में मिलने वाले हर वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को रंग लगाकर जश्न मनाते दिखे।

## आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा के तीसरी बार उपसरपंच बने संजय



**बालोद।** आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा के तीसरी बार संजय बारले उपसरपंच बने। ग्राम पंचायत सिकोसा में उपसरपंच का चुनाव सपन्न हुआ। जिसमें चार प्रत्याशी रहे। कुल 20 पंच व सरपंच मिलाकर 21 मतदाता रहे।

चुनाव में उमा चौरे को 2, दौलत कोसरे को 4, सुखित लहरे को 6 व संजय बारले को 9 मत मिले। संजय बारले को तीसरी बार उपसंरपंच बनने पर सरपंच प्रीतम ठाकुर, सभी पंच ग्रामीण एमन चन्द्राकर, लेखराम चन्द्राकर, विजय बारले, चंद्रदेव सेन, आशिफ गहलोद, भीषम पटेल, अशोक पटेल, टेमन महादेव, इतवारी टण्डन, रिखी कुर्रे, आरोप चन्द्राकर, शब्बीर रिजवी, सलिम रिजवी, रतन बारले, टीकाराम बारले, संजु चतुर्वेदी, हेमंत बारले, लुकेश चन्द्राकर, कुलेश्वर तिवारी, राजा बारले, दीपक मारकंडे, हेमलाल मारकंडे, पूरन महादेवा व सभी ग्रामीण जन ने हर्श व्यक्त किया। संजय बारले ने कहा कि समस्त ग्रामीण जन व पंचों के सहयोग से उपसरपंच बना हूं। मैं सभी का आभारी हूं, गांव की जो भी मूलभूत समस्या है, उसे पंचगण, सरपंच व ग्रामीणजन मिल कर दूर करेंगे और विकास की एक नई गाथा रचेंगे।

## दल्लीराजहरा नगर पालिका के उपाध्यक्ष चुने गए मनोज



**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा नगरपालिका उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी वार्ड नं 3 के पार्षद मनोज दुबे ने निर्दलीय प्रत्याशी मोइनुद्दीन राजा को 8 वोटों से मात देकर उपाध्यक्ष पद पर कब्जा किया। इस प्रकार भाजपा ने 25 सालों के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष दोनों पदों पर काबिज होकर इतिहास बना दिया है। इसमें जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख का कुशल मार्गदर्शन एवं चुनाव संचालक पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू की रणनीति की प्रमुख भूमिका रही।

नगरपालिका परिषद दल्लीराजहरा में कुल 27 वार्ड हैं, जिसमें 15 पार्षद भाजपा, 8 पार्षद कांग्रेस एवं 4 निर्दलीय पार्षद हैं। उपाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस ने अपना कोई प्रत्याशी नहीं उतारा, बल्कि पूर्व भाजपा पार्षद व इस चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर मोइनुद्दीन राजा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी, को ही समर्थन देने का फैसला किया।



- निर्दलीय उम्मीदवार मोइनुद्दीन राजा को 8 वोटों से

चुनाव में राजा को कुल 10 मत प्राप्त हुए एवं भाजपा प्रत्याशी मनोज उर्फ पिंटू दुबे को 18 मत मिले, जबकि भाजपा तीन निर्दलीय पार्षद के समर्थन का दावा कर रही थी उस हिसाब से भाजपा को 19 मत मिलने थे, लेकिन भाजपा को 18 मतों से ही संतोष करना पड़ा।

## पूर्व सैनिक उत्तरा राम चुने गए ग्राम पंचायत धानापुरी के उपसरपंच

**गुरूर।** ग्राम पंचायत धानापुरी में पूर्व सैनिक उत्तराराम सिन्हा उपसरपंच निर्वाचित हुए। उत्तराराम सिन्हा ने अपने समर्थक पंचों के साथ ग्राम पंचायत भवन से बाहर आते ही समर्थकों ने फूलमाला पहनकर गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया।

उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को सरपंच पंच चुनाव के बाद से ही ग्राम पंचायत में उपसरपंच पद के लिए ग्राम में जोड़–तोड़ शुरू हो गई थी, जो कि उपसरपंच चुनाव होने के पश्चात पूर्ण हुई, ग्राम पंचायत धानापुरी में पीठासीन अधिकारी नरेंद्र साहू ने उपसरपंच निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की। मतदान में पंच और सरपंच सहित 14 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, पीठासीन अधिकारी नरेंद्र साहू ने उत्तरा राम सिंन्हा को उपसरपंच पद पर निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र किया।



उपसरपंच उत्तरा राम सिन्हा ने सरपंच एवं समस्त पंचों सहित सहयोग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पहले देश की सेवा में 17 वर्षों तक सैनिक के रूप में देश की सेवा की और आज समस्त ग्रामीण एवं पंचों के सहयोग से जो उपसरपंच पद का दायित्व दिया गया है, अब गांव के विकास में पूर्ण सहयोग करूंगा।

## ग्राम पंचायत भोइनापार के उपसरपंच चुने गए तामेश्वर

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भोइनापार में शनिवार को सर्वसम्मति से सभी वार्ड पंचों की उपस्थिति में तामेश्वर साहू को सबकी सहमति से निर्विरोध उपसरपंच की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उसके बाद ग्रामीणों व सभी पंचों ने उपसरपंच तामेश्वर साहू का तिलक लगाकर स्वागत किया। तामेश्वर साहू ने भी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच श्यामा बाई मारकंडेय, पंच देवांतीन मंडावी शकुन बाई साहू, चेमिन ठाकुर, मोहनी महिलांगे, नीरा चंद्रवंशी, टोमन चंद्रवंशी, नीलकमल साहू, डामीन साहू, साधना बंजारे, मानक मारकंडेय, मनोज बंजारे उपस्थित रहे।



## ग्राम पंचायत लाटाबोड़ की उपसरपंच चुनी गईं फलेश्वरी



**लाटाबोड़।** ग्राम पंचायत लाटाबोड़ के सभागार में उपसरपंच के चुनाव में दो प्रत्याशी डोमन लाल साहू व फलेश्वरी साहू (35) वर्ष के बीच मुकाबला रहा। चुनाव में डोमन साहू को 6 मिले, वहीं फलेश्वरी-रामरतन साहू 15 वोट पाकर उपसरपंच निर्वाचित हुईं। मिली जानकारी के अनुसार इस पंचायत में 45 वर्ष बाद महिला उपसरपंच बनी हैं। शनिवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान ग्रामीण व पंचों ने गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। उपसरपंच फलेश्वरी साहू ने ग्रामीणों को इस बात का विश्वास दिलाया कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी और शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही को दिलाने पूरी कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर सरपंच तेज प्रकाश मंडावी, पंच गेंद लाल यादव अमनेश्वर साहू, अरुण कौशिक, चेतन साहू, बिमलेश साहू, गोमती साहू, नीरू उईके, पुनित राम, खिलेश्वरी साहू, खोमेश्वरी यादव, दिपेश्वरी ठाकुर, मेनका ठाकुर सहित ग्रामीण सुशीला साहू, देवीराम साहू, अशोक कल्याणी, कन्हई बघेल, उत्तम साहू, चन्द्रहास सोरी, फुलसिंह साहू, थानु राम साहू उपस्थित थे।

## नपं अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा का कब्जा, नेहा ने कांग्रेस के किशोर को हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

नगर पंचायत डौंडीलोहारा में जहां भाजपा समर्थित अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम विजय हासिल कर चुके हैं। तो वहीं सोमवार को संपन्न हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी पार्षद नेहा उपाध्याय ने जीत हासिल की। अध्यक्ष और पार्षद मिलाकर कुल 16 वोट में से 12 वोट नेहा उपाध्याय को मिले, वहीं कांग्रेस समर्थित पार्षद किशोर दीवान को मात्र 4 वोटों से संतोष करना पड़ा। नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा की ओर से प्रभारी के तौर पर बालोद के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नगरपालिका बालोद अध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी राकेश यादव भी पहुंचे हुए थे। तो वहीं स्थानीय टीम से जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम इस चुनाव को लेकर गंभीरता से सक्रिय थे। जीत के उपरांत नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय को मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा सहित चुनाव प्रभारी राकेश यादव अन्य नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही विजय रैली निकाली गई इस तरह अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही सीट पर डौंडीलोहारा में भाजपा का कब्जा हो गया है। इस जीत पर मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सभी समर्थित पार्षदों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हम सब की एकजुटता इसी तरह कायम रहे और आगे भी ट्रिपल इंजन सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर हमें नगर का सर्वांगीण विकास करना है। चुनाव प्रभारी के रूप में पहुंचे भाजपा नेता राकेश यादव ने भी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई नेहा उपाध्याय को बधाई देते हुए कहा कि मिलजुल कर काम करेंगे और नगर विकास की नई गाथा लिखेंगे। उन्होंने मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष निवेंद्र सिंह टेकाम की सक्रियता की भी सराहना की। अध्यक्ष श्री टेकाम ने भी चुनाव प्रभारी राकेश यादव, उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल और मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा का इस चुनाव को लेकर सक्रियता और रणनीति बनाए जाने को लेकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने नगर वासियों को भी आश्वस्त किया कि केंद्र, राज्य के साथ अब नगर पंचायत में भाजपा की सत्ता है।

- नगर पंचायत डौंडीलोहारा में उपाध्यक्ष के लिए सोमवार को हुआ मतदान



### नेहा ने जताया आभार

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा संगठन और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 15 साल बाद भाजपा से उपाध्यक्ष बनने का अवसर मुझे मिला है। इसके लिए मैं सभी हमारे पार्षद साथियों और भाजपा संगठन के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता, नेताओं का आभार व्यक्त करती हूं। साथ ही समस्त नागरिकों की भी आभारी हूं जिन्होंने मुझे मेरे वार्ड क्रमांक 6 के चुनाव के दौरान भी मतदान रूपी आशीर्वाद दिया था और अब नगर पंचायत उपाध्यक्ष में भी भाजपा संगठन ने मुझ पर भरोसा जताया।

### निर्दलीयों का भी मिला साथ

ज्ञात हो कि नगर पंचायत चुनाव में लोहारा के कुल 15 वार्डों में से 8 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी और 3 में निर्दलीय और 4 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी जीतकर आए हैं। जिस तरह 12 वोट नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में नेहा उपाध्याय को हासिल हुआ, इससे यह माना जा रहा है कि जो तीन निर्दलीय पार्षद जीत कर आए थे उनका भी उन्हें अप्रत्यक्ष साथ मिला।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## जिपं बालोद में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों ने ली शपथ

**बालोद।** जिला पंचायत बालोद में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन के उपरांत प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम सम्मेलन में अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू तथा सभी सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया।

शपथ ग्रहण के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने प्रथम सम्मेलन में ही जनहित के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए जिला पंचायत सीईओ से शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन तथा गरीब पात्र परिवारों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी विकासखंड में सेक्टर बनाकर शिविर आयोजित करने की बात कही तथा शिविरों के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों की पहचान कर सर्वे में नाम दर्ज कराने व उन्हें इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की बदौलत आज हमें यह दायित्व मिला है। मोदी जी की गारंटी तथा उनकी सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना शामिल है।



**गरीब परिवारों की चिंता अब नैतिक जिम्मेदारी :** तारणी चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जिस प्रकार गरीबों को आवास योजना के लाभ से वँचित रखा गया था, अब उसे तत्काल योजना का लाभ देकर उनके सिर पर छत देने का कार्य हम मिलकर करेंगे। अब किसी भी गरीब परिवार को भटकना नहीं पड़ेगा, गरीब परिवारों की चिंता अब हमारी चिंता तथा नैतिक जिम्मेदारी बन गई है। जिन अपेक्षाओं के साथ जनता ने हमें अपना आशीर्वाद दिया है उन अपेक्षाओं को पूरा करने हम दृढं निश्चय होकर संकल्पबद्ध रहेंगे। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, जिला पंचायत सीईओ सहित सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport